# बिहार सामयिकी

# (CURRENT AFFAIRS)



Useful for BPSC and all other Bihar State Exams

**Current Affairs By Kalyani Ma'am**

# नवंबर 2022



- बच्चों का जलवायु पुरस्कार 12-17 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रतिवर्ष दिया जाने वाला एक अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार है। पटना के छात्र स्पर्श को उनके इनोवेशन, थर्मल फ्लोटर के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुना गया था, जो सूर्य से तापीय ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।

- कृषि विभाग ने पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर 7 जिलों में सेब की खेती की योजना शुरू की है। इन जिलों में एक-एक हेक्टेयर में खेती कराई गई है। प्रति एकड़ सेब की खेती में लागत करीब 55 हजार रुपए आती है।

- भारत सरकार के पथ परिवहन विभाग के द्वारा पंडुका पुल का निर्माण रोहतास जिले में किया जा रहा है जिसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया। बिहार के रोहतास जिला से अब झारखंड के पलामू की दूरी मात्र 2 किलोमीटर रह जाएगी

- राजधानी पटना की तर्ज पर पूर्णिया और मुजफ्फरपुर में भी खादी मॉल बनेगा। इसमें कुल 16 करोड़ 11 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

# अक्टूबर 2022



- वित्त वर्ष 2021-22 में राज्य की विकास दर 10.98% रही। विकास दर के मामले में बिहार, देश में तीसरे स्थान पर है। बिहार से आगे सिर्फ आंध्र प्रदेश और राजस्थान ही है।

- 2 अक्टूबर 2022 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ भारत दिवस समारोह में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वच्छता ही सेवा के लिए बिहार को द्वितीय और कर्नाटक को प्रथम स्थान से सम्मानित किया है।

- 9 अक्टूबर 2022 को गुलजारबाग खेल परिसर पटना में कौमुदी महोत्सव का आयोजन किया गया। कौमुदी महोत्सव प्राचीन भारत में मनाया जाने वाला एक उत्सव था।

# अक्टूबर 2022



- हाल ही में बिहार में वाल्मीकि नगर से दुनिया का सबसे बड़ा कीट एटलस मॉथ (तितली) मिला है।
- केन्द्र सरकार ने बिहार राज्य की तर्ज पर सभी राज्यों को स्मार्ट प्रीपेड मॉडल अपनाने की बात कही है।
- पटना के हर्ष और औरंगाबाद के श्रेयस बी चंद्रा ने इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल सर्च कालोबेरेशन के तहत 10 क्षुद्र ग्रहों की खोज की है। श्रेयस द्वारा खोजे गए क्षुद्र ग्रह उसके नाम से रखे जायेंगे ।
- बिहार की बिजली कंपनी द्वारा बिहार में दो स्थानों फुलवरिया व दुर्गावती पर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाए की योजना बनाई गई है।

~ कैमूर जिले में स्थित दुर्गावती प्रेम में 30 मेगावाट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाया जाएगा।

~ नवादा के फुलवरिया डेम में 20 मेगावाट के फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट लगाए जाने की योजना है।

# अक्टूबर 2022



- प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत बरौनी में पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) का पहला गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित किया जायेगा

- 11 अक्टूबर, 2022 को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सारण जिले के सिताब दियारा में जयप्रकाश नारायण की 120वीं जयंती पर 14 फीट ऊँची प्रतिमा का अनावरण किया।

- बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा दो दिवसीय गिद्धौर महोत्सव का आयोजन जमुई में (30 सितम्बर से अक्टूबर 2022 तक ) किया गया है।
- बिहार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 2024 तक भूमि सर्वेक्षण के कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# अक्टूबर 2022

Khan Sir Official

- बिहार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 2024 तक भूमि सर्वेक्षण के कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।
- बिहार का जहानाबाद जिला 100% डिजिटल बैंकिंग सुविधा प्रदान करने वाला पहला जिला बन गया है।
- पटना जिले में 100 एकड़ जमीन में राज्य का पहला मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित किया जाएगा।
- बिहार का जहानाबाद जिला 100% डिजिटल बैंकिंग सुविधा प्रदान करने वाला पहला जिला बन गया है।

# सितंबर 2022



- बिहार के सारण जिले के रहने वाले प्रसिद्ध लोक कलाकार रामचंद्र मांझी का निधन हो गया। पद्मश्री से सम्मानित रामचंद्र मांझी लौंडा नाच के लिए मशहूर थे।

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गया के फल्गु नदी पर बने देश के सबसे बड़े रबर डैम का लोकार्पण किया। बिहार जल संसाधन विभाग ने 334 करोड़ की लागत 411 मीटर लंबे डैम का निर्माण कराया है। इस रबर डैम का नाम मुख्यमंत्री ने गया जी डेम रखा है।

- केंद्रीय कपड़ा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने पटना के ज्ञान भवन में मोदी @ 20 सपने हुए साकार पुस्तक का लोकार्पण किया।

# सितंबर 2022



- राष्ट्रीय जनता दल ने लगातार 12वीं बार लालू प्रसाद यादव को निर्विरोध अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना है।
- भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय ने मधुबनी चित्रकला को राष्ट्रीय अवार्ड प्रदान किया है। मिथिला पेंटिंग की मशहूर कलाकार विभा लाल का चयन केन्द्र सरकार ने नेशनल अवार्ड के लिए किया है।
- बिहार देश का पहला राज्य बन गया है, जहां गांव और कस्बों का नक्शा ऑनलाइन मंगाने की व्यवस्था लागू की गई है।

FICCI

- बिहार पुलिस को उसके चक्र एप के लिए (फिक्की फेडरेशन ऑफ इंडियन चैबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज) की तरफ से स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड- 2021 से सम्मानित किया गया।

# सितंबर 2022

Khan Sir Official

NCRB

- ❖ राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार बिहार अपराध के मामले में 7 वें स्थान पर है। बिहार में हत्या के 2799 मामले दर्ज हुए और ये दूसरे पायदान पर है।

- ❖ जी-20 सम्मेलन में शामिल राष्ट्रों के अध्यक्षों को भारत की ओर से मुजफ्फरपुर की पहचान लहठी भेंट की गई। 15 नवंबर से इंडोनेशिया के बाली में जी-20 सम्मेलन हुआ।

G-20 → 2023 → IND

- ❖ बिहार के अभिनेता मनोज वाजपेयी और पंकट त्रिपाठी को राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय चुनाव के लिए ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया है।
- ❖ नीतीश कुमार ने बक्सर जिले के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखने का निर्णय लिया गया है- बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ रेलवे स्टेशन

# सितंबर 2022



- बिहार के कैमूर जिले में स्थित करकटगढ़ जलप्रपात का विकास पर्यटन स्थल के रूप में किया जाएगा।

- बिहार के सारण जिले की सविता महतो ने उमलिंगला दर्रे को साइकिल से फतह किया है। ऐसा करने वाली वह दुनिया की पहली महिला बन गई है।

BRO

- हाल ही में की गई घोषणा के अनुसार वैशाली जिले में रामायण विश्वविद्यालय का निर्माण किया जाएगा।

- बिहार का पहला समृद्ध प्राकृतिक चिकित्सालय सह योग केन्द्र बेगूसराय में खुलेगा। यहां पूर्णतः प्राकृतिक माहौल में मिट्टी, पानी, धूप व हवा के माध्यम से मानव शरीर का शुद्धिकरण किया जाएगा।

# अगस्त 2022



- बिहार के जमुई जिले के रहने वाले दसवीं कक्षा के छात्र रोहित ने ऐसी तकनीक विकसित की है जिससे दुनिया में सबसे सस्ती बिजली उत्पादन संभव है। सीआईएमपी के इंक्यूबेशन फाउंडेशन से इंक्यूबेटेड इस स्टार्ट-अप का नाम हाइड्रो लिफ्टिंग टेक्नोलॉजी है। रोहित ने अपने 7 साल के शोध के बाद यह उपलब्धि हासिल की है।

- बिहार और अरुणाचल प्रदेश में जेडीयू को पहले से ही राज्य स्तरीय दल का दर्जा प्राप्त था अब मणिपुर में भी जेडीयू को राज्य पार्टी का दर्जा मिल गया है 2022 में हुए मणिपुर विधानसभा चुनाव में छह सीट जीतकर जेडीयू ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। 10.70% वोट जदयू को मिला था।

# अगस्त 2022

Khan Sir Official

- 76वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गांधी मैदान पटना में निकाली गई कुल 9 झांकियों में पहला स्थान कृषि विभाग (दूसरा अग्निशमन विभाग, तीसरा- शिक्षा परियोजना) को मिला।

- बिहार के मुजफ्फरपुर में भिखारियों ने खुद का अनोखा बैंक खोला है। भिखारी भीख में मिले पैसे यहां जमा करते हैं। इस रकम पर उन्हें ब्याज भी दिया जाता है और जरूरत पड़ने पर भिखारियों को कर्ज भी दिया जाता है।
- हाल ही में बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के पहले कुलपति प्रो. सुरेश कांत वर्मा बने है।

- हाल ही में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत बिहार सरकार ने मछलियों के उत्पादन में वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री समेकित चौर विकास योजना की शुरुआत की है।

- एनडीए गठबंधन सरकार के सीएम पद से इस्तीफा देने और राजद कांग्रेस और अन्य के साथ नई सरकार बनाने का दावा करने के एक दिन बाद नीतीश कुमार ने 8 वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। श्री नीतीश ने सर्वाधिक बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

- बिहार सरकार के द्वारा राज्य में सास बहू बेटी अभियान को गति देने का फैसला किया गया है।

- हाल ही में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार 2012 से 2022 तक बिहार में 17 बाघों की मौत हो गई वहीं सर्वाधिक बाघों की मौत मध्यप्रदेश में (270) हुई।

# अगस्त 2022



- वित्तीय वर्ष 2022-23 की प्रथम तिमाही में मनरेगा के तहत जिलों के प्रदर्शन में बक्सर (89.159%) शीर्ष और शिवहर सबसे पिछड़ा जिला साबित हुआ है।
- महिलाओं को कानूनी व चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए कांग्रेस द्वारा बिहार में स्त्री (सपोर्ट टीम फॉर रिलिफ इमरजेंसी एंड इम्पावरमेंट) अभियान शुरू किया गया।
- मुख्यमंत्री हर घर नल का जल योजना के तहत 34323 ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पानी लोगों के घरों तक पहुंचाने में बिहार देश भर में पहले पायदान पर है।
- अगस्त में देश भर में आयोजित हर घर जल उत्सव से बिहार ने किनारा कर लिया है बिहार अकेला राज्य है जहाँ यह उत्सव नहीं मनाया गया।

# अगस्त 2022



- 26 अगस्त 2022 को राजद के **अवध बिहारी चौधरी** विधानसभा के 17वें अध्यक्ष बने। ये निर्विरोध चुने गए।

- 18 अगस्त 2022 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने **मोइनुल हक स्टेडियम** में पटना मेट्रो रेल परियोजना के भूमिगत (जमीन से 82 फुट नीचे) कार्य का शुभारंभ किया। इसकी लागत 1989 करोड़ रुपए है।

- बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की **रेणु पासवान** को हाल में ही **G-100 ग्रुप** का चेयरपर्सन बनाया गया। यह ग्रुप **दुनियाभर की प्रभावशाली महिलाओं** का संगठन है, जो महिला अधिकारों के लिए आवाज उठाता है। **रेणु पासवान** बिहार से इसमें शामिल होने वाली पहली महिला है।

# अगस्त 2022



❖ केन्द्र सरकार ने बिहार को क्रोमियम पोटेशियम के चार खनिज ब्लॉक आवंटित किया है।

- बिहार की तीन पोटैशियम के और एक क्रोमियम के ब्लॉक दिए गए हैं।
- इसमें सासाराम रोहतास में नहवाडीह ब्लॉक, टीपा खनिज ब्लॉक और शाहपुर में ब्लॉक शामिल है।
- ये तीनों पोटेशियम के ब्लॉक है।
- इसके अलावा औरंगाबाद-गया में क्रोमियम के ब्लॉक है।
- बिहार सरकार ने जमुई जिले में देश के सबसे बड़े स्वर्ण भंडार के अन्वेषण की अनुमति देने का फैसला किया है। बिहार में 22.28 करोड़ टन सोने का भंडार है जो देश के कुल स्वर्ण भंडार का 44% है।

# अगस्त 2022



- नई दिल्ली में आयोजित 25 अगस्त 2022 को आउटलुक ट्रैवलर अवार्ड 2022 समारोह में बिहार के बोधगया को सर्वश्रेष्ठ आध्यात्मिक स्थल का सम्मान दिया गया है।

- केंद्र सरकार ने मिथिला के मखाना को जियोग्राफिकल इंडिकेशन ( GI) टैग दे दिया है। इससे मखाना उत्पादकों को अब उनके उत्पाद का और भी बेहतर दाम मिलेगा।

- देशभर से काम के लिए विदेश जाने वाले लोगों में यूपी के बाद बिहार का दूसरा स्थान है।

- बिहार के मुंगेर जिले के जंगलों में एक बार फिर नक्सलियों पर लगाम लगाने के लिए 'ऑपरेशन शैडो (सर्च एंड डिस्ट्रॉय) चलाया गया।

# जुलाई 2022



- बिहार के सबसे बड़े एलिवेटेड सड़क कॉरिडोर का निर्माण दानापुर से बिहटा तक नये वित्तीय वर्ष 2023-24 से शुरू होगा।
- नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (NIRF) ने सत्र 2022 की रैंकिंग जारी की जिसमें टॉप 100 में बिहार के मात्र दो संस्थान जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। दोनों इंजीनियरिंग सेक्टर के हैं टॉप 100 में बिहार से शामिल दो संस्थान IIT पटना और NIT पटना है।
- केंद्र सरकार की जारी अधिसूचना के बाद बिहार में भी 01 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक के भंडारण, उपयोग एवं विपणन को बैन कर दिया गया है।
- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संबंधित विभागों को हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना के तहत शुरू की गई सभी परियोजनाओं को 2025 तक पूरा करने का निर्देश दिया है।

# जुलाई 2022



- बिहार में 25 जुलाई से 30 जुलाई तक आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सभी जिलों में अमृत बिजली महोत्सव का आयोजन किया गया।

- सिक्किम के बाद बिहार देश में ऑक्सीजन की खपत की निगरानी में दूसरे स्थान पर है। बिहार के 90 प्रतिशत अस्पतालों द्वारा ऑनलाइन ऑक्सीजन खपत की जानकारी दी जा रही है।

- गर्भवती महिलाओं के प्रसवोत्तर देखभाल में बिहार को देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

- दलित नेता और पूर्व मंत्री रमई राम का हाल ही में निधन हो गया। वह मुजफ्फरपुर की बोचहां विधानसभा सीट से रिकॉर्ड 9 बार विधायक रहे हैं।

- बिहार सरकार ने निर्णय किया है कि बिहार में गरीबों को बसाने के लिए मोदीनगर और नीतीश नगर बनवाया जाएगा। बिहार के अलग-अलग जिलों में विस्थापितों को मोदीनगर और नीतीश नगर में आवास के लिए जमीन देकर उन्हें बसाया जाएगा।

- राज्य का पहला स्थायी ट्रैफिक पार्क पटना के वीर कुंवर सिंह पार्क में बनेगा। यहां ट्रैफिक नियमों से संबंधित पढ़ाई कराई जाएगी।

- अरुणाचल प्रदेश के स्थानीय नगर निकाय के उप चुनाव में जनता दल (यूनाइटेड) ने तीन सीटों पर जीत दर्ज की है।

# जुलाई 2022

Khan Sir Official

- बिहार के सारण जिले की सबिता महतो दुनिया की सबसे ऊँची सड़क उमलिंगला पर साईकिल से सफर तय करने वाली दुनिया की पहली महिला साइकिलिस्ट बन गई हैं।
- बक्सर के डुमराव में नीलगाय शोध संस्थान बनाने के लिए कृषि विश्वविद्यालय ने हरी झंडी दे दी है।
- गोपालगंज जिले के थावे में बिहार का पहला ऑक्सीजन पार्क बनाया जाएगा। इसमें बांस की खास किस्म की भीमा प्रजाति के पौधे लगाए जाएंगे।
- बिहार के मोतिहारी में 5 लाख रुद्राक्ष से 20 फीट ऊंची शिवलिंग का निर्माण किया गया है। यह बिहार का सबसे ऊंचा रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग है। इसकी स्थापना शांति स्थापित करने एवं जग के कल्याण के लिए की गई है।
- बिहार का बक्सर काला नमक चावल का हब बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# जून 2022

❖ कर्नाटक के चित्रकूट में आयोजित एक कार्यक्रम में बिहार के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री श्रीमति रेणु देवी को भगीरथ श्री सम्मान प्रदान किया गया।

❖ 2 जून 2022 को बिहार कैबिनेट ने जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया। इसके लिए 500 करोड़ का बजट बनाया गया है।

❖ 3 जून 2022 को स्व. जॉर्ज फर्नांडिस की जयंती राजकीय समारोह के रूप में मनाई गई तथा मुजफ्फरपुर में सिटी पार्क में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

# जून 2022

- उन्मुखीकरण कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पंचायती राज संस्थाओं के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के लिए इस कार्यक्रम की शुरुआत की।

- पटना के कुम्हरार में बिहार का सबसे बड़ा परीक्षा भवन बनाया जा रहा है। यह 5.42 एकड़ में बनाया जाएगा जहाँ 25000 लोग एक साथ परीक्षा दे सकेगें।

- बिहार के कैमूर जिले में स्थित दुर्गावती जलाशय में पर्यटन विभाग एवं पर्यावरण विभाग ने रिवर सफारी शुरू करने का निर्णय लिया। यह बिहार का पहला रिवर सफारी होगा जहाँ जंगल और नदी दोनों का आनंद लिया जा सकता है।

# जून 2022

Khan Sir Official

- बिहार के औरंगाबाद जिले में स्थित नवीनगर थर्मल पावर प्लांट से 660 मेगावाट बिजली उत्पादन का कार्य शुरू हो गया है।
- हाल ही में बिहार के तीन जिलों शिवहर , सीतामढ़ी एवं मुजफ्फरपुर को धुम्रपान मुक्त घोषित किया गया है।
- हाल ही में लालू प्रसाद यादव के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर श्रवण कुमार सिंह द्वारा लिखी गई पुस्तक गरीबों का मसीहा जारी की गई।
- हेरिटेज ट्री ऐप बिहार सरकार ने राज्य के विरासत वृक्षों से संबंधित सूचनाएँ एकत्रित करने के लिए इस ऐप को लॉन्च किया।

# जून 2022



❖ जून, 2022 को बिहार राज्य के पटना में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और राज्य के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार **महात्मा गांधी सेतु के पूर्वी छोर का लोकार्पण किया**। महात्मा गांधी सेतु ने नए रूप में **5.575 किलोमीटर** तक दो लेन में बनकर तैयार है जो स्टील से बना है। अब भारत के **सबसे लंबे स्टील ब्रिज** के रूप में इसकी पहचान बनी है।

❖ बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि **कैमूर जिले के करकटगढ़ जलप्रपात** को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित किया जाएगा।

❖ मुजफ्फरपुर की रहने वाली **रेणु पासवान** को दुनिया की ताकतवर महिलाओं में चुना गया है। उन्होंने बाल विवाह के खिलाफ अपना घर छोड़ दिया था। उन्हें **जी-100 समूह का स्टेट चेयरपर्सन** बनाया गया है।



Thank you!